SSLC PRE-MODEL EXAMINATION JANUARY- 2023

कक्षाः**x** विषय: हिन्दी कुल अंक:**40**

. . . .

सूचना **- '** बीरबहूटी **'** कहानी का यह अंश पढ़ें और **1** से **3** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

1. राजकीय कन्या पाठशाला में कौन पढ़ने जाती है? 1

(क) साहिल (ख) बेला (ग) सभी बच्चे (घ) बेला और साहिल दोनों ।

2. “साहिल अब तुम कहाँ पढोगे?” ' साहिल ' के बदले' बेला ' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

“बेला अब तुम कहाँ................ ?” 1

3. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा तैयार करें। 4

सूचना **- '** आई एम कलाम के बहाने**'** फिल्मी लेख का यह अंश पढें और **4** से **6** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

नील माधव पांडा का'आई एम कलाम' फिल्म देखते हुए मुझे अपना बचपन बहुत याद आया। क्योंकि यह फिल्म भी उन्हीं विलोमों के बारे में बात करती है' जिनसे मेरे बचपन के सब किस्से बने हैं।

4. 'आई एम कलाम' फिल्म देखते हुए किसे अपना बचपन बहुत याद आया? 1

5.'मुझे' में निहत सर्वनाम शब्द कौन-सा ह?1

6.सही मिलान करें । 4

आई एम कलाम 'फिल्म का निदेशक छोटू

फिल्म का नायक मिहिर

मिहिर का मित्र नील माधव पांडा

आई आम कलाम' पाठ का लेखक मोरपाल

सूचना **- '** सबसेबड़ा शो मैन **'** जीवनी का यह अंश पढें और **7** से **8** तक केनीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों के नकल उतारी। मासूमियत में उसने थोड़ी देर पहले फटीमाँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने का भी नकल उतार दी।

7. किसने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। 1

8. ' दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था।' -उपर्युक्त अंश के आधार पर रपट तैयार करें। 4

अथवा

आपके स्कूल में चार्ली चैप्लिन फिल्मोत्सव होने वाला है। उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

सूचना **- '** ठाकुर का कुआँ**'** कहानी का यह अंश पढे और **9** से**11** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गंगी झुकी कि घड़े को पकड़कर जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया। शेर का मुँह इससे अघिक भयानक न होगा।

9.गंदा पानी में विशेषण शब्द कौन-सा है ?1

10. दरवाजे की तुलना शेर के मुँह से क्यों की गई है ? 2

11. गंगी पानी लेने ठाकुर के यहाँ गयी। लेकिन पानी न ले सकी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला गंदा पानी पी रहा है।

इस प्रसंग के आधार पर जोखू और गंगी के बीच का बातचीत कल्पना करके लिखें। 4

सूचना **- '** दिशाहीन दिशा **'** यात्रा वृत्त का यह अंश पढें और **12** से**14** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वहाँ आकर अविनाश के मन मन में न जाने क्या भावुकता जाग आई कि उसने एक नज़र पानी पडाली,एक दूर के किनारे पर, और पूर्णता चाहने वाले कलाकार की तरह कहा कि कितना अच्छा होता अगर इस वक्त हम में से कोई कुछ गा सकता।

12. ” कितना अच्छा होता अगर इस वक्त हम में से कोई कुछ गा सकता“ यह किसने कहा?

13. सही विकल्प चुनकर लिखें । 1
(क) बूढ़ा मल्लाह गज़ल गाना लगा।
(ख) बूढ़ा मल्लाह गज़ल गाने लगा।
(ग) बूढ़ा मल्लाह गज़ल गानी लगी।
(घ) बूढ़ा मल्लाह गज़ल गाने लगे ।
14. वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें । 2
(ताल में , भोपाल)
घूमने गए।
हम घूमने गए ।
……….........
……….........
सूचना - ' गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढें और **15** से**17** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।
गुठली रोने लगी, तो बुआ ने डॉटा, " क्या शादी के घर में मनहूसियत फैला रही है ?" तभी माँ अपने हाथ से उसका नाम कार्ड पर लिख दिया। ये अक्षर छपाई जैसे नहीं थे, फिर भी गुठली माँ के प्यार से मान गई।
15. शादी का कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुॅह उतर गया। क्यों ? 1
(क) कार्ड में माँ का नाम नहीं था।
(ख) कार्ड में भाई का नाम नहीं था।
(ग) कार्ड में गुठली का नाम नहीं था।
(घ) कार्ड में बुआ का नाम नहीं था।
16.ये अक्षर छपाई जैसे नहीं थे, फिर भी गुठली मान गई। क्यों? 2
17. शादी का कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुॅह उतर गया। वह अपना दुख डायरी से बाँटती है। वह डायरी कल्पना करके लिखें। 4
अथवा
वह अपने मन की व्यथा सहेली को बताना चाहती है। गुठली का वह पत्र कल्पना करके लिखें।
सूचना - ' बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की पंक्तियाँ पढ़े और **18** से**19** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।
कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे है सुबह-सुबह
बच्चे काम पर जा रहे है
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे ?
18. किसे भयानक कहा गया है ? 1
19. कवि और कविता का परिचय देते हुए किवतांश का आशय लिखें। 4
अथवा
कविता के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।
• सुबह-सुबह बच्चे काम पर जा रहे हैं।
• कवि के अनुसार इसे विवरण की तरह लिखा जाना चािहए।
• कोहरे से ढ़ँकी सड़क पर बच्चे स्कूल जा रहे हैं ।
• बालश्रम समाज की एक गंभीर समस्या है।
• कवि के अनुसार इसे सवाल की तरह लिखा जाना चािहए।
• आज भी कई बच्चे किताब, पढ़ाई व खेल - खिलौने से वंचित है।